# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 18.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 18.06.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 04 भूमि विवाद, 02 सम्पत्ति सम्बन्धी व 01 पारिवारिक विवाद तथा शेष 04 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 18.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा सर्किल कार्यालय पर कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत सर्किल के वरिष्ठ नागरिको के साथ बैठक आयोजित की गई।**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर के आदेश के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आज दिनांक 08.06.2026 को सर्किल कार्यालय पर कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत सर्किल के वरिष्ठ नागरिको के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उनकी समस्याओं को गहनता से सुनकर आवश्यक सहायता प्रदान किया गया तथा साथ ही साथ किसी भी प्रकार की समस्या उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस से सम्पर्क करने हेतु प्रेरित किया गया तथा कम्युनिटी पुलिसिंग युनिट के बारे मे तथा नशा एवं साइबर अपराध के दृष्टिगत सुरक्षा एवं बचाव हेतु जागरुक किया गया। इस दौरान जनसामान्य के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर, पुलिस एवं जनता के मध्य विश्वास को और अधिक मजबूत बनाया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 18.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना चिल्हिया पर लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के सम्बन्ध में थाना चिल्हिया के विवेचकगण का अर्दली रूम किया गया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 18.06.2026 को मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना चिल्हिया पर थाना चिल्हिया के विवेचकगण का अर्दली रुम/अपराध समीक्षा गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गयी तथा विवेचकगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । तत्पश्चात विवेचनाओं के निस्तारण, ई-साक्ष्य ऐप, ई-सम्मन ऐप, पुराने मामलों के निस्तारण, जनशिकायत द्वारा प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में कड़े निर्देश दिये गये। आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत कृत कार्यवाही, शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, साक्ष्य के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही, साइबर अपराध, निरोधात्मक कार्यवाही में गुण्डा अधिनियम, गैंगेस्टर अधिनियम जांच के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने आदि बिन्दुओं पर निर्देश दिया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 18.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम संगवारे में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर चौपाल में महिलाओं/ बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 18/06/2026 थानाध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम संगवारे में महिलाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 मलखा प्रसाद

02.का0 सुदामा यादव

03.रि0म0आ0 नूतन शर्मा

**प्रेस नोट दिनांक 18.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम होरीलापुर पूर्वी में महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 18.06.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम होरीलापुर पूर्वी में महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया । तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 गोरखनाथ

2.रि0आ0 नंदिनी

## प्रेस नोट दिनांक 18.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम बिशुनपुर में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में महिलाओं व बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 18.06.2026 को प्रभारी निरीक्षक मान सिंह थाना कपिलवस्तु के नेतृत्व में थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बिशुनपुर थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती है के बारे मे जानकारी दी गयी तथा सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। एवं महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर एवं नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 रवींद्र नाथ यादव

02.म0आ0 सुषमा वर्मा

03.रि0म0आ0 सोनाली मिश्रा

04.रि0म0आ0 अमिता मौर्या

## प्रेस नोट दिनांक 18.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पगारे में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 18.06.2026 थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम पगारे में महिलाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0चंद्रिका प्रसाद

02.आ0 अरुण पाण्डेय

03.रि0म0आ0 गुंजन सेन

04.रि0म0आ0 बिनीता सिंह

**प्रेस नोट दिनांक 18.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र ग्राम बढनीचाफा की महिलाओं/बालिकाओ को नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा, कल्याणकारी योजनाओं व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो के बारे में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 18.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तहत थानाक्षेत्र के ग्राम बढनीचाफा में मिशन शक्ति अभियान 5.0 द्वितीय चरण के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 18.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के लिए समर्पित थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम बाण गंगा बैराज में महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे मे जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत आज दिनांक 18.06.2026 को थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम बाण गंगा बैराज में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 18.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम महादेवा राय की महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 18.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम महादेवा राय की महिलाओं/बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0 नि0 जयप्रकाश पाण्डेय

2.हे0का0 अनिल चौहान

3.म0का0 खुशबू सिंह

4.रि0म0का0 तृप्ति तिवारी

# प्रेस नोट दिनांक 18.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना त्रिलोकपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी से हत्या के आरोपी अभियुक्ता को आजीवन कारावास व ₹15,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 18.06.2026 को वाद सं0-246/2022 मु0अ0सं0-08/2022 धारा 302, 201 भा0द0वि0 थाना त्रिलोकपुर में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, जिला एंव सत्र न्यायाधीश जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्ता जैनब पत्नी इस्लाम निवासी लोहरौली थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास व ₹10,000/- तथा धारा 201 भादवि में 06 वर्ष का कारावास व ₹5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक राजेश तिवारी तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी अमित पाल थाना त्रिलोकपुर का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 18.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना लोटन पुलिस द्वारा 01 नफ़र वारंटी को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ0 अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान तथा थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में वांछित अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली लोटन पुलिस द्वारा न्यायालय से निर्गत वसूली वारंट का सफलतापूर्वक तामील कराया गया। इस दौरान अशोक कुमार पुत्र महेश, निवासी ग्राम सैनुआ थाना कोतवाली लोटन जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए वारण्टी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरण--**

01.अशोक कुमार पुत्र महेश निवासी ग्राम सैनुआ, थाना कोतवाली लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण---**

01.उ0नि0 रविन्द्र सिंह थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

02.मुख्य आरक्षी धीरज पाण्डेय थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

03.आरक्षी आनंद निषाद थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 18.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆नीट (NEET) परीक्षा-2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा गोष्ठी आयोजित कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।**

आज दिनांक 18.06.2026 को शिवशरणप्पा जी.एन. जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही, परीक्षा केंद्रों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा नकलविहीन एवं पारदर्शी परीक्षा संपन्न कराने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या अवांछनीय गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। परीक्षा केंद्रों पर यातायात व्यवस्था सुचारु रखने एवं अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के भी निर्देश दिए गए ।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जनपद पुलिस एवं प्रशासन द्वारा नीट परीक्षा-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

# प्रेस नोट दिनांक 18-06-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत थाना कस्बा बढ़नी में ग्राम प्रधान व संभ्रांत व्यक्ति तथा धर्म गुरुओं के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी द्वारा थाना ढेबरुआ क्षेत्रांतर्गत कस्बा बढ़नी में आज दिनांक 18.06.2026 को थाना क्षेत्र के मौलवी/धर्मगुरुओ एवं संभ्रांत व्यक्तियों, की उपस्थिति में आगामी त्यौहार मोहर्रम को सकुशल व सौहार्दपूर्ण मनाने हेतु थाना स्थानीय पर पीस कमेटी की बैठक की गई तथा सभी से वार्ता कर उच्च-अधिकारीगण व शासन से प्राप्त आदेशों -निर्देशों से अवगत कराते हुए आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न करने हेतु अपील की गयी।

**प्रेस नोट दिनांक 18.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆ जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 18.06.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में आगामी त्यौहार मोहर्रम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पॉट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।